सं.16015/1/2022-पीएमआई

**भारत सरकार**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**

**उर्वरक विभाग**

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 08 जनवरी, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए दिसंबर, 2024 माह के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उर्वरक विभाग का दिसंबर, 2024 माह का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**(अनिल फुलवारी)**
निदेशक (पीएमआई)
दूरभाष: 011-23389839

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**विषयः उर्वरक विभाग का दिसम्बर, 2024 माह का मासिक सार।**

1. **माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादनः**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 26.79 | 232.00 |
| डीएपी | 3.24 | 31.50 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.81 | 5.59 |
| मिश्रित उर्वरक | 10.36 | 81.93 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 3.98 | 40.57 |

स्रोतः dbtfert.nic.in दिनांक 06.01.2025 की स्थिति के अनुसार

2. **माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्रीः**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 41.13 | 102.76 | 52.07 |
| डीएपी | 7.18 | 20.21 | 12.31 |
| एमओपी | 1.85 | 11.36 | 2.53 |
| एनपीके | 13.57 | 37.72 | 14.55 |

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

3. **माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौराः**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आयातित मात्रा |
|---|---|
| यूरिया | 10.61 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 1.56 |
| डीएपी | 4.94 |
| एनपीके | 1.18 |

**4. दिसम्बर, 2024 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजना की वृद्धिशील प्रगति:**

**(क). <u>तालचेर इकाई का पुनरुद्धार:</u>**

i. 31 दिसंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार परियोजना की समग्र प्रगति 64.43% है तथा ओएसबीएल पैकेज (कोयला गैसीकरण तथा अमोनिया यूरिया के अलावा) की प्रगति 76.07% है।

ii. दिसंबर, 2024 माह के दौरान परियोजना की कुछ उपलब्धियां इस प्रकार हैं:-

क. टीएफएल बोर्ड ने दिनांक 07.12.2024 को आयोजित अपनी बैठक में डब्ल्यूईसीएल के साथ एलएसटीके संविदा के खंडों के संबंध में प्राप्त कानूनी सलाह पर विचार-विमर्श किया, जिसमें साइट की प्रगति पर केंद्रित चर्चा के लिए डब्ल्यूईसीएल शीर्ष प्रबंधन को तत्काल बैठक के लिए फिर से आमंत्रित करने और पुनः बातचीत और/या मध्यस्थता करने की संभावना के संबंध में भारत के सॉलिसिटर जनरल (एसजीआई) की कानूनी राय लेने का निर्णय लिया गया।

ख. तदनुसार, दिनांक 23 और 24 दिसंबर, 2024 को डब्ल्यूईसीएल के अधिकारियों के साथ टीएफएल की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें डब्ल्यूईसीएल ने अतिरिक्त लागत प्रतिपूर्ति, भुगतान शर्तों में संशोधन और रोकी गई एमएडी राशि को जारी करने संबंधी अपने पूर्ववती निर्णय को बनाए रखा। तथापि, डब्ल्यूईसीएल को स्पष्ट रूप से बिना किसी पूर्व शर्त (शर्तों) के कम्प्लिशन आउटलुक को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। डब्ल्यूईसीएल के अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर प्रत्युत्तर देने की सूचना दी। इसके अलावा, टीएफएल टीम ने कानूनी विशेषज्ञ रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी के आधार पर कानूनी राय लेने के लिए दिनांक 28 दिसंबर, 2024 को एसजीआई से भी संपर्क किया है। उनकी राय अभी प्रतीक्षित है और आगे की कार्रवाई एसजीआई की राय के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल उपलब्ध बजट अनुमान 168130.81 करोड़ रुपये में से दिसंबर 2024 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर व्यय 15425.03 करोड़ रुपये (यूरिया: 11698.45 करोड़ रुपये, पीएंडके: 3717.32 करोड़ रुपये, स्थापना: 3.28 करोड़ रुपये, गोबरधन के लिए एमडीए: 0.99 करोड़ रुपये, डीबीटी: 0.88 करोड़ रूपए, आरएण्डडी: 3.98 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय: 0.13 करोड़ रुपये) हुआ। अप्रैल 2024 से दिसंबर, 2024 के दौरान प्रगतिशील व्यय 139306.88 करोड़ रुपये (यूरिया: 98258.74 करोड़ रुपये, पीएंडके: 40990.67 करोड़ रुपये, स्थापना: 32.35 करोड़ रुपये, डीबीटी: 6.04 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय: 0.79 करोड़ रुपये और गोबरधन के लिए एमडीए: 13.73 करोड़ रुपये और आरएण्डडी: 4.56 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आबंटन का लगभग <u>82.86%</u> था।

*****